भारत सरकार

परमाणु ऊर्जा विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1267

जिसका उत्तर दिनांक 14.12.2022 को दिया जाना है

अन्य देशों से सहायता

1267. श्री दुलाल चन्द्र गोस्वामी :

क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्तमान में भारत की परमाणु ऊर्जा संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए सहायता प्रदान करने वाले देशों के नाम क्या हैं;

(ख) भारत ने यूरेनियम की निर्बाध आपूर्ति के लिए कितने देशों के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

राज्य मंत्री, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन तथा प्रधान मंत्री कार्यालय (डॉ. जितेन्द्र सिंह) :

(क) वर्तमान में, रूस, कनाडा, कज़ाकिस्तान और उज्बेकिस्तान भारत को उसकी नाभिकीय ऊर्जा से संबंधित आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए सहायता प्रदान कर रहे हैं।

(ख) तथा (ग) सरकार ने कुडनकुलम नाभिकीय विद्युत परियोजना (केकेएनपीपी) में स्थित रूसी रिएक्टरों हेतु, उनके प्रचालन के दौरान ईंधन की आपूर्ति के लिए रूसी परिसंघ की सरकार के साथ समझौता किया है। भारत ने कनाडा, कज़ाकिस्तान, रूस और उज्बेकिस्तान के साथ यूरेनियम क्रय का करार किया है।

*****